पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन ने आईजीआईएटी, विशाखापत्तनम में कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 500 छात्रों को प्रशिक्षित किया

पीएफसी की सीएसआर पहल के अंतर्गत व्यापक प्रशिक्षण द्वारा करीब 400 छात्रों की प्रतिष्ठित संगठनों में नियुक्ति हुई-

13 अगस्त, 2021

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, विद्युत क्षेत्र में देश की अग्रणी एनबीएफसी, ने आज इंडो जर्मन इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी (आईजीआईएटी) के छात्रों के लिए अपने 'कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम' के अंतर्गत समापन सत्र का आयोजन किया। समापन सत्र में प्रशिक्षित विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। समापन समारोह में श्री प्रभाकर दास सीजीएम, पीएफसी, श्री रामलिंगेश्वर राजू, जीएम, डीआईसी एवं विशेष अधिकारी, आईजीआईएटी (उद्योग और वाणिज्य विभाग, एपी सरकार) और श्री बी विनोद कुमार, निदेशक आईजीआईएटी सहित पीएफसी और आईजीआईएटी के अन्य अधिकारी भी सम्मिलित थे। समापन कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण अभियान के साथ हुई और इसके बाद सांस्कृतिक नाटक का आयोजन किया गया। युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए पीएफसी की सीएसआर पहल के भाग के रूप में, कुल 500 छात्रों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया गया है, जबकि करीब 400 छात्रों को पहले ही अन्य संगठनों के साथ-साथ अशोक लीलैंड, रॉयल एनफील्ड, एल्सटॉम और श्नाइडर इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड जैसे प्रतिष्ठित संगठनों में नौकरी मिल चुकी है।

छात्रों को सीएनसी मशीन ऑपरेटर, घरेलू और औद्योगिक इलेक्ट्रीशियन, सौर तकनीशियन, और वेल्डिंग प्रौद्योगिकियों में प्रशिक्षित किया गया है। विशेष रूप से महिलाओं के लिए सिलाई मशीन ऑपरेटरों जैसे क्षेत्रों में भी प्रशिक्षण दिया गया है। इस परियोजना के सफल निष्पादन ने आजीविका उत्पन्न की है और सैकड़ों व्यक्तियों और उनके परिवारों को अत्यधिक लाभ प्रदान किया है। पीएफसी आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा और तमिलनाडु जैसे राज्यों में महिलाओं सहित बेरोजगार युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम को वित्तपोषित कर रहा है और उन्हें चला रहा है। एनबीएफसी क्षेत्र में भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम के रूप में, पीएफसी देश के विभिन्न भागों में युवाओं के लिए रोजगारोन्मुखी कौशल विकास कार्यक्रम सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।